अव्यवस्था — नए भवन में कक्षाएं संचालित कराने जल्द हो कार्रवाई, ड्रेस कोड का पालन हो

# कॉलेज में व्यवस्थाएं नहीं

**नवभारत। नरसिंहपुर/साईखेड़ा।** नगर के एकमात्र शासकीय कॉलेज में व्याप्त अव्यवस्थाएं स्थानीय छात्रों के भविष्य पर भारी पड़ रहीं हैं। सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के लिए कॉलेज तो शुरू कर दिया गया। लेकिन आज भी यह सिर्फ नाम का कॉलेज बनकर रह गया है। सुविधायुक्त भवन और संसाधनों के अभाव में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, जिससे उनके उच्च शिक्षा के सपने अधूरे लग रहे हैं। नए भवन में कक्षाएं कब तक संचालित होंगी यह तय नहीं है, वहीं कॉलेज में ड्रेस कोड का नियम भी कागजों में है। कॉलेज में तमाम गतिविधियां केवल फोटा खिंचवाने एवं औपचारिकता तक सीमित हैं। जहां गाडरवारा कॉलेज का कायाकल्प दिखता है। वहीं यहां कॉलेज रंग-रोगन तक को तरस रहा है। बारिश के बाद भवन की दशा बाहर से भी दयनीय दिख रही है। इसमें लिखा कॉलेज का नाम तक बदरंग हो गया है। हालांकि यहां कॉलेज का भवन बन चुका है। लेकिन जब तक यहां कक्षाएं लग रही हैं तो यहां भी कम से कम सफाई रंग-रोगन होनी चाहिए। भविष्य अनिश्चित, विद्यार्थी परेशान- कॉलेज के नवीन भवन का कार्य लगभग पूर्ण होने जा रहा है। अब देखने वाली बात रहेगी कि नवीन भवन में कॉलेज संचालित होने में कितना इंतजार और करना होगा। उच्च शिक्षा के लिए दूर गाडरवारा या अन्य शहरों में जाने से बचने के लिए स्थानीय छात्रों ने इस कॉलेज में प्रवेश लिया है। लेकिन यहां की अव्यवस्थाएं उन्हें निराश कर रही हैं। यहां प्राध्यापकों और पर्याप्त स्टाफ की कमी की शिकायत भी बनी रहती है, जिसका सीधा असर छात्रों की पढ़ाई की गुणवत्ता पर पड़ता है। इतना ही नहीं यहां के जिम्मेदार अधिकारी से लेकर अनेक प्राध्यापक बाहर से अप डाउन करते हैं। जनप्रतिनिधि और प्रशासन मौन-नगरवासियों और छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने बार-बार शासन-प्रशासन का ध्यान इन अव्यवस्थाओं की ओर आकर्षित कराया है कि अव्यवस्थाओं को दूर किया जाए। लेकिन मांग पर सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं सूचना पटल पर आदेश चस्पा किया है कि कॉलेज के विद्यार्थियों को ड्रेस कोड में आना अनिवार्य है। उसके बाद भी कई विद्यार्थी ड्रेस कोड में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। इस संबंध में प्राचार्य संगीता यादव से फोन के द्वारा जानकारी चाही तो उनके द्वारा फोन




**स्कूल के कमरों में क्लास संचालित**

**साईखेड़ा** कॉलेज शुरू हुए कई वर्ष हो चुके हैं, लेकिन आज भी इसके पास स्वयं का भवन नहीं है। यह कॉलेज वर्तमान में पूर्व कन्या शाला एवं कुछ कमरों में संचालित हो रहा है। संकीर्ण जगह, स्कूल के सीमित कमरों में कॉलेज की कक्षाएं लगने से छात्रों को बैठने और पढ़ाई करने में खासी परेशानी होती है। वहीं आधारभूत संरचना की कमी दिखती है। जैसे पुस्तकालय, प्रयोगशाला, स्पोर्ट जैसी महत्वपूर्ण और पर्याप्त कक्षाओं के अभाव में शैक्षणिक गतिविधियां ढंग से नहीं हो पाती हैं।

**इनका कहना है**

साईखेड़ा कॉलेज में ड्रेस कोड के संबंध में हम पूछताछ करते हैं। अव्यवस्थाओं के संबंध में बताया है। अभी नियुक्तियां प्रॉपर नहीं हुई हैं। प्रशासन को लिखा जा रहा है शासन स्तर से प्रक्रियाएं लंबित हैं।
**डॉ. आरबी सिंह,** प्राचार्य पीजी कॉलेज, नरसिंहपुर

## अल्प प्रवास पर रुके अरुण यादव

**नवभारत। तेंदूखेड़ा।** शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव अल्प समय के लिए तेंदूखेड़ा में रुके जहां उनका कल्चुरी समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष किशोर राय के द्वारा शाल श्रीफल पुष्पाहारों से स्वागत सम्मान किया गया इस मौके पर मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव मनीष राय पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल प्रदेश प्रवक्ता रवि सक्सेना विकास शर्मा प्रदीप पलिया जिनेश जैन राजेश राय सुदीप राय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इस मौके पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री यादव ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। छिंदवाड़ा में नवजात शिशुओं की मौत होना बहुत ही दुखद घटना है। माफियाओं का राज का यह जीता जागता उदाहरण है। मप्र माफिया राज का गढ़ बन चुका है और आये दिन एक से बढ़कर एक कारनामें निकल कर सामने आ रहे हैं। जिसमें सरकार का असली चेहरा भी उजागर होता चला जा रहा है।

## ओवर नाइट एक्सप्रेस का स्टॉपेज नहीं होने से क्षेत्रवासियों में आक्रोश

**नवभारत। गोटेगांव** संपूर्ण क्षेत्रीय के नागरिकों द्वारा लगातार जबलपुर इंदौर ओवर नाइट एक्सप्रेस का श्रीधाम रेल्वे स्टेशन पर स्टॉपेज किए जाने की मांग उठाई जा रही है परंतु रेल्वे विभाग द्वारा क्षेत्रीय वासियों की मांग पर तवज्जो नहीं दिए जाने पर समस्त क्षेत्रवासियों ने मंडला संसदीय क्षेत्र के वर्तमान सांसद भारत सरकार के पूर्व केंद्रीयमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने 16 माह पूर्व ओवरनाइट एक्सप्रेस का शीघ्र स्टॉपेज कराए जाने की मांग की थीकि आखिर क्षेत्र वासियों का ओवरनाइट ट्रेन में सफर करने का सपना साकार कब होगा,तब क्षेत्रवासियों की मांग को लेकर तत्कालीन केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने क्षेत्रवासियों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए रेलमंत्री अश्वनी वैष्णो को पत्र लिखकर ओवरनाइट एक्सप्रेस श्रीधाम रेल्वे स्टेशन पर किए जाने का आग्रह किया था,परंतु 16 माह बीत जाने के उपरांत आजदिनांक तक ओवर नाइट स्टॉपेज के संबंध में रेल मंत्रालय द्वारा किसी प्रकार की घोषणा नहीं किए जाने के कारण क्षेत्रवासियों में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए तत्कालीन केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते एवं क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश ने क्षेत्रवासियों की परेशानी को देखते हुए पुन: रेलमंत्री को पत्र लिखकर ओवरनाइट एक्सप्रेस का श्रीधाम स्थापित किए जाने का आग्रह किया है,परंतु रेल मंत्रालय द्वारा किसी प्रकार का कोई जवाब नहीं आने पर क्षेत्रवासियों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री वर्तमान सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते से पुन:इस संबंध में प्रयास कर क्षेत्रवासियों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से निजात दिलाए जाने केलिए सक्रियता से ठोस कदमउठा कर ट्रेन का स्टॉपेज कराए जाने की मांग की है,ताकि क्षेत्रवासियों का विश्वास अपने क्षेत्रीय सांसद महोदय की प्रति बना रहे,इस संबंध में क्षेत्रवासियों का कहना है कि आखिर कब जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस स्टॉपेज का लाभ मिलेगा, हम लोग वर्षों से ओवर नाइट एक्सप्रेस की मांग कर रहे हैं,परंतु क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण समस्त क्षेत्रवासी अत्यंत आवश्यक ट्रेन की सुविधा से वंचित है,जबकि अपने सांसद काल में होशंगाबाद पूर्व सांसद सांसद राव उदय प्रतापसिंह द्वारा ओवरनाइट एक्सप्रेस का स्टॉपेज करेली स्टेशन पर करवाया गया है, अगर पूर्व केंद्रीय मंत्री वर्तमान सांसद कुलस्ते पूरी ताकत लगाकर प्रयास करें,तो श्रीधाम स्टेशन पर ओवरनाइट का स्टॉपेज आसानी से हो सकता है, जनता जनार्दन की सुविधा को देखते हुए सांसद महोदय को तत्काल प्रभाव से ओवरनाइट एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज करवाना न्यायोचित होगा,इस संबंध में यात्रियों का कहना हैकि क्योंकि वर्तमान समय में क्षेत्रवासियों के लिए रात्रि में 9.43 बजे के बाद भोपाल इंदौर तक जाने के लिए सीधी कोई ट्रेन उपलब्ध नहीं है जिसके कारण आने जाने वाले यात्रियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है, अनेक यात्री ऐसे है जोकि बाहर से आए हुए होते हैं इन यात्रियों को ट्रेन ना होने की वजह से मजबूरी बस रात्रि भर प्लेटफार्म पर गुजारनी पड़ती है।




## पलंग में सोते समय 4 वर्षीय मुस्कान को सांप ने डसा, मौत

**नवभारत। गाडरवारा।** निरंजन वार्ड में गुरुवार की रात्रि एक अत्यंत हृदय विदारक घटना में सर्पदंश से चार वर्षीय मासूम बच्ची मुस्कान कुशवाहा की मौत हो गई। यह घटना नगर पालिका की घोर लापरवाही और वार्ड में पसरी गंदगी के कारण हुई, जिसने तमाम पुरानी दंत कथाओं को झूठा साबित करते हुए एक मासूम की जान ले ली।

**पलंग पर सो रही थी बच्ची**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, निरंजन वार्ड निवासी स्वर्गीय पंकज कुशवाहा (जिनका निधन लगभग एक वर्ष पूर्व हुआ था) की चार वर्षीय बेटी मुस्कान कुशवाहा अपनी मां के साथ कमरे के अंदर पलंग पर सो रही थी। देर रात अचानक मुस्कान की चीख सुनकर मां की नींद खुली। उन्होंने देखा कि बच्ची को सर्प ने डस लिया है। परिजन आनन-फानन में मुस्कान को लेकर शासकीय अस्पताल पहुँचे, लेकिन ड्यूटी डॉक्टर ने जाँच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर द्वारा बच्ची को मृत घोषित किए जाने की खबर सुनते ही परिजनों पर मानो वज्रपात हो गया। मुस्कान की मां सदमे में आकर वहीं जमीन पर गिर प ?ीं। इस गहन शोक के माहौल में अस्पताल में मौजूद हर व्यक्ति की आँखें नम हो गईं। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। नम आँखों से सैक ?ों लोगों ने बिटिया की अंतिम यात्रा में भाग लिया।



मुस्कान के बड़े पापा शरद कुशवाहा ने बताया कि सालों से हम यह सुनते आए थे कि ब्लैक कोबरा जैसा विषैला सांप कभी दहलीज के अंदर नहीं जाता और पलंग पर नहीं च ?ता, लेकिन आज यह सब बातें झूठी साबित हो गईं। उन्होंने सर्प के प्रवेश का रास्ता बताते हुए कहा कि सांप घर के सामने बनी नाली से नहाने के पाइप के जरिए नहानी में घुसा, जहाँ उसने अपनी केंचुल भी छो ?ी, और फिर नहानी से निकलकर कमरे में आ गया और सोते हुए मुस्कान को डस लिया।

**नगर पालिका की लापरवाही बनी जानलेवा**

इस दुखद घटना के बाद क्षेत्रवासियों और सहवासियों ने नगर पालिका प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि निरंजन वार्ड गाडरवारा के बड़े वार्डों में से एक है, जिसकी साफ-सफाई पर कई दिनों से ध्यान नहीं दिया गया है। वार्ड में सड़कों के किनारे बनी नालियों की सफाई न होने के कारण उनके आजू-बाजू बड़े-बड़े घास-फूंस और कचरे के ढेर जमा हो गए हैं।




## करकबेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कैंडल जलाकर मासूमों को दी श्रद्धांजलि

**नवभारत। गोटेगांव।** बीते दिवस समीपवर्ती करकबेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी करकबेल के तत्वाधान में जहरीले कफ सीरप के कारण असमय दिवंगत बच्चों को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धाजंलि दी गई। इस दौरान कांग्रेस के अनेक वक्ताओं ने मामले में प्रदेश सरकार की लापरवाही पर सरकार को घेरा। वक्ताओं ने कहा कि इतने बड़े घटनाक्रम पर प्रधानमंत्री भी चुप हैं। इस अवसर पर तरवर सिंह पटेल, अरविंद पटेल, दीपराज द्विवेदी, राजकुमार पटेल, जितिनराज, कमलेश पटेल, विजेंद्र पटेल, प्रदीप पटेल, शंकर कुशवाहा, इमरान खान, चौ. मयंक, प्रताप सिंह, राजा लोधी, अभिलाष नामदेव, डीपी दुबे, मस्तराम गुमास्ता, संतोष मेहरा, सोवरन सहित सैकड़ों की संया में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



## बांसखेड़ा में आरएसएस का अनुशासित पथ संचलन का आयोजन


**नवभारत। साईखेड़ा।** ग्राम बांसखेड़ा में एक भव्य और अनुशासित पथ संचलन का आयोजन किया गया। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया और ग्रामवासियों को अनुशासन, एकता तथा राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। अनुशासन और गणवेश का आकर्षक प्रदर्शन पथ संचलन का शुभारंभ गांव के मुख्य मैदान से हुआ। पूर्ण गणवेश (सड़ेद शर्ट, खाकी पैंट, काली टोपी) में सजे स्वयंसेवक घोष की धुन पर कदम से कदम मिलाकर आगे ब ? रहे थे। छोटे बच्चों से लेकर वयोवृद्ध स्वयंसेवकों तक का उत्साह देखने लायक था। संचलन गांव के प्रमुख मार्गों, गलियों और चौराहों से होते हुए निकला, जिसे देखने के लिए।

### एक नजर में



**बीपीएमयू की बैठक आयोजित**

**नवभारत। गोटेगांव।** विगत दिवस स्थानीय जनपद शिक्षा केंद्र में बीपीएमयू की एक अति आवश्यक बैठक का आयोजन प्रभारी बी.आर.सी दशरथ चडार की अध्यक्षता में आयोजित की गई, बैठक में एमआईएस को ऑर्डिनेटर राजेन्द्र चौरसिया ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से DISE ड्रॉपबॉक्स स्टूडेंट प्रोफाइल एवं स्कॉलरशिप प्रोफाइल से संबंधित महत्व पूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी देकरकार्य प्रणाली पर चर्चा करने के उपरांत बीएसी योगेन्द्र बुनकर ने niform Failed Account Updation SHVR पोर्टल पर शत- प्रतिशत रजिस्ट्रेशन विकसित भारत बिल्डाथॉन NMMS परीक्षा 2025-26 से जुड़ी जानकारियाँ प्रस्तुत किए जाने के तत्पश्चात बीएसी योगेन्द्र बुनकर उमाशंकर छिरा एवं दशरथचडार सहित सभी जनशिक्षक एमआईएस कोऑर्डिनेटर एवं ऑपरेटरों ने निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक रणनीति पर चर्चाकर उन लक्ष्यों को समय पर पूरा करने का संकल्प लिया ।



**क्यूट पटैल को मिली स्कूटी**

**नवभारत। गाडरवारा।** विकासखंड चावर पाठा के पी एम श्री शासकीय राघव कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बोहानी की मेधावी छात्रा कु. क्यूट पटैल ने कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा (सत्र 2024-25) में शानदार सफलता अर्जित करते हुए न केवल विद्यालय बल्कि समूचे विकास खंड चावर पाठा का गौरव बढ़ाया है। कृषि (Agriculture) विषय समूह की छात्रा क्यूट पटैल ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इस उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि पर उन्हें मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी %मुख्यमंत्री स्कूटी योजना% (मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कूटी) के अंतर्गत पुरस्कृत किया गया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के सम्मान स्वरूप, विद्यालय परिसर में आयोजित एक समारोह में क्यूट पटैल को स्कूटी की चाबी प्रदान की गई। विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती अमीषा शर्मा ने उन्हें स्कूटी की चाबी सौंपते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। क्यूट पटैल के पिता, विनोद पटैल, ने अपनी बेटी की सफलता पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान न केवल क्यूट के लिए, बल्कि पूरे परिवार और क्षेत्र के लिए खुशी का पल है।

### 2 देशी कट्टे, 1 देशी पिस्टल एवं 3 जिंदा कारतूस जप्त

**नवभारत। गोटेगांव।** नरसिंहपुर जिले में अवैध कारोबार पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशानुसार एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में नाकाबंदी की जा रही है, साथ ही सर्चिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों की लगातार धरपकड़ की जा रही है।अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जारी अभियान के तहत ठेमी थाना अंतर्गत विश्वस्त मुखबिर के माध्यम से थाना प्रभारी प्रीति मिश्रा को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति क्षेत्र में अवैध हथियार लेकर घूम रहे है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए अति. पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी गोटेगांव मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना ठेमी पुलिस ने घेराबंदी कर तीन आरोपियों को अवैध हथियारों से 2 देशी कट्टे,1 देशी पिस्टल एवं 3 जिंदा कारतूस जप्त किया ।

## जर्जर केविल को बदलकर लाइन को किया दुरुस्त

**नवभारत। गोटेगांव।** विगतदिवस मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी पूर्व क्षेत्र द्वारा मानसून सत्र के समापन पर विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर मेंटेनेंस का कार्य शुरू कर दिया है लगातार शहर में बिजली उपभोक्ताओं की मिल रही शिकायतों को देखते हुए गोटेगांव शहर वितरण केंद्र के अंतर्गत खुशबू नगर, बेलहाई माफीदार कॉलोनी, एचडीएफसी बैंक के सामने की जर्जर एलटी केविल से लगातार उपभोक्ताओं को विद्युत सप्लाई में बड़ी समस्या होती थी और आए दिन उपभोक्ताओं द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही थी जिसे विद्युत विभाग अधिकारियों द्वारा संज्ञान लेते हुए कर्मचारियों ने जर्जर केविलों को बदला गया साथ ही उक्त स्थानों पर लगभग 2 किलोमीटर की केविल जो बारिश के दौरान जर्जर अवस्था में हो गई थी जिससे आए दिन विद्युत अपरूद्ध हो रही थी उसको तुरंत बदला गया जिससे विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चालू की जा सके इस कार्रवाई से संबंधित उपभोक्ता कैलाश पटेल अभिषेक श्रीवास्तव अतुल उपाध्याय ने बिजली विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा बारिश के मौसम में काफी जगहों की केविल जर्जर हालत हो जाने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था लेकिन अब विभाग द्वारा यहां पर नई केवल एवं सभी लाइनों को दुरुस्त कर दिया गया है।




## शासकीय हाई स्कूल परिसर सिरेगांव में हो रही दारूखोरी

**नवभारत। चीचली।** सिरेगाँव शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले शासकीय हाई स्कूल सिरेगाँव का परिसर इन दिनों असामाजिक तत्वों और शराबियों का अड्डा बन गया है। आलम यह है कि जहां छात्र-छात्राओं को शुद्ध हवा में बैठकर पढ़ाई करनी चाहिए, उस पूरे परिसर में जगह-जगह शराब की खाली बोतलें और गंदगी फैली हुई है। छात्रों के पीने के पानी के नल और शौचालय के पास भी शराब की बोतलें मिलना, स्कूल के असुरक्षित माहौल को बयां कर रहा है।

**परिसर में फैली गंदगी और बोतलें**

स्थानीय लोगों और छात्रों के अभिभावकों के अनुसार, शाम ढलते ही स्कूल का सुनसान परिसर शराबियों की महफिल में बदल जाता है। सुबह जब छात्र स्कूल पहुंचते हैं, तो उन्हें सबसे पहले पीने की जगह और मैदान में शराब की खाली बोतलें, प्लास्टिक के गिलास और अन्य कचरा साफ करना पड़ता है। स्कूल परिसर में इस तरह की अराजकता से छात्र-छात्राओं में भय का माहौल है और उनकी शिक्षा पर बुरा असर पड़ रहा है। कई अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।



**स्कूल के सामने खुलेआम बिक रही अवैध शराब**

समस्या की जड़ स्कूल के ठीक सामने खुलेआम बिक रही अवैध शराब है। सूत्रों के अनुसार, स्कूल के मुख्य द्वार के पास ही कुछ लोग अवैध रूप से शराब बेचते हैं, जिससे शराबी आसानी से शराब खरीदकर स्कूल परिसर में घुस जाते हैं। अवैध बिक्री के कारण यहां नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे स्कूल आने-जाने वाली छात्राओं को खासकर परेशानी होती है। यह स्थिति स्कूल की पवित्रता और अनुशासन पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

**पुलिस और आबकारी विभाग पर सवाल**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध शराब की बिक्री और स्कूल परिसर में शराबखोरी की जानकारी होने के बावजूद पुलिस और आबकारी प्रशासन मौन है। लगातार शिकायतें किए जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। प्रशासन की इस उदासीनता के कारण असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। अभिभावकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही स्कूल परिसर को शराबियों से मुक्त नहीं कराया गया और अवैध शराब बिक्री पर रोक नहीं लगी, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## स्टेट हाईवे और बाईपास रोड पर NTPC के ट्रालों का अतिक्रमण

**नवभारत ।गाडरवारा।** नरसिंहपुर जिले में गाडरवारा के स्टेट हाईवे और बाईपास रोड पर इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। इस समस्या की मुख्य वजह है, एनटीपीसी (NTPC) के लिए राखड़ (फ्लाई ऐश) परिवहन में लगे सैकड़ों ट्रालों का सड़क के दोनों किनारों पर अवैध रूप से खड़ा रहना। इन भारी वाहनों के कारण न सिर्फ आए दिन भयंकर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है, बल्कि ये खड़े ट्राले किसी भी समय एक बड़ी और गंभीर दुर्घटना का सबब बन सकते हैं।

**सड़क पर ट्रालों का पार्किंग लॉट**

स्थानीय लोगों और दैनिक यात्रियों के अनुसार, गाडरवारा के मुख्य स्टेट हाईवे और बाईपास रोड का बड़ा हिस्सा ट्रालों के अनधिकृत पार्किंग स्थल में तब्दील हो गया है। सड़क के दोनों किनारों पर कतार में खड़े ये ट्राले यातायात के लिए उपलब्ध जगह को काफी संकरा कर देते हैं, जिससे दो बड़े वाहनों का एक साथ गुजरना मुश्किल हो जाता है।



**दुर्घटना का स्थायी खतरा**

विशेष रूप से रात के अंधेरे में, किनारे पर बिना किसी उचित संकेत या पार्किंग लाइट के खड़े ये ट्राले किसी मौत के जाल से कम नहीं हैं। हाईवे पर तेज गति से आ रहे वाहन चालकों को अक्सर इन खड़े ट्रालों का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे अचानक ब्रेक लगाने या नियंत्रण खोने से बड़े हादसे हो रहे हैं। पूर्व में भी एनटीपीसी के फ्लाई ऐश परिवहन से जुड़े वाहनों द्वारा कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें लोगों की जान गई है।

**जनता की सुरक्षा की मांग**

इस विकट स्थिति से त्रस्त स्थानीय निवासियों, दुकानदारों और यात्रियों ने एक स्वर में प्रशासन से इन ट्रालों को तत्काल सड़क किनारे से हटाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यह सड़क है, न कि ट्रालों का यार्ड। एनटीपीसी प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन को मिलकर इस समस्या का स्थायी हल निकालना चाहिए। जब तक इन ट्रालों को हटाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता, तब तक यहां दुर्घटना का खतरा बना रहेगा और लोग जाम में फंसे रहेंगे

**प्रशासन से अपेक्षा**

**सख्त कार्रवाई:** यातायात पुलिस और स्थानीय प्रशासन को रोड किनारे खड़े होने वाले ट्रालों पर तत्काल चालानी कार्रवाई करनी चाहिए।
**वैकल्पिक पार्किंग:** एनटीपीसी प्रबंधन को अपने ट्रालों के लिए शहर से दूर, पर्याप्त क्षमता वाले और सुरक्षित पार्किंग स्थल की व्यवस्था करनी चाहिए।
**यातायात डायवर्जन:** जाम से निपटने के लिए यातायात के लिए वैकल्पिक मार्गों पर विचार करना चाहिए। क्षेत्रीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन ट्रालों को नहीं हटाया गया, तो वे बड़े जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन लोगों की जान की सुरक्षा और सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए कब तक कोई निर्णायक कदम उठाता है।




## सरस्वती विद्यालय विद्यार्थी के सर्वोमुखी विकास के केंद्र-उदयप्रताप सिंह

**नवभारत। करेली।** यह गौरव का विषय है कि सरस्वती विद्यालय के विद्यार्थी आज देश के संचालन में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। सरस्वती विद्यालय विद्यार्थी के सर्वोन्मुखी विकास का केंद्र रहे हैं, यह अभियान है। करेली के सरस्वती विद्यालय को पुन: संवारने की जरूरत है, इसके लिए हम सभी संयुक्त प्रयास करेंगे। शिक्षामंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि सिर्फ शिक्षा के आधार पर आप श्रेष्ठ बने यह बाध्यता समाप्त हो चुकी है, अब आप अपने टैलेंट के आधार पर भी श्रेष्ठ हो सकते हैं। बच्चे जो सपने देखें, उन्हें पूरे परिश्रम से पूर्ण किए जाने प्रयत्न करें। पीएम के नेतृत्व में जो नई शिक्षा नीति लाई जा रही है, उसमें देश के शिक्षा क्षेत्र में व्यापक बदलाव होगा। बच्चे संकल्प लें कि मुझे यह बनना है तो उन्हें उस लक्ष्य तक पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता। सभी बच्चों का यशस्वी जीवन हो, यह कामना करता हूं। विद्या भारती महाकौशल प्रांत, केशव शिक्षा समिति मध्यप्रदेश के अंतर्गत, माधव ग्राम भारती जिला नरसिंहपुर द्वारा सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसखेड़ा करेली में आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव एवं गणित व विज्ञान मेला 2025-2026 में शनिवार दोपहर मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उकताशय के विचार व्यक्त किए।